Asian-UGC/NET Series (M) 98123-53399

UGC/NET/NTA Paper-I Notes Series

Asian-UGC/NET Series

www.asianenglishacademy.com

Welcome at: Opp. MDU, Sec – 14 Market, Rohtak (Haryana) Pin-124001

98123-53399 98123-59933

Make Sure Success in English of
UPSC: CDS, NDA
SSC : CGL, CPO (SI), LDC, MTS
BANK: IBPS/SBI-PO, CLERK
TEACHING
HTET, CTET, KVS, DSSSB
DEFENCE AIR FORCE, NAVY, ARMY, RAILWAY
UGC- NET
Paper-1 & Paper – II (Eng. only)

98123-59933 email : asianacademy333@gmail.com

www.asianenglishacademy.com

1. **एड्रेस बार (Address bar) -** यह आपके वेब ब्राउजर का वह हिस्सा होता है जहां आप कोई भी वेब एड्रेस टाइप करते हैं

2. **एंटीवायरस (Antivirus) -** एंटीवायरस (Antivirus) एक प्रकार के Software होते हैं जो आपके Computer को Computer Virus से Protect करते हैं

3. **एक्टिव सेल (Active cell) -** इस शब्द का प्रयोग Microsoft Excel में किया जाता है, जो cell माउस या की-बोर्ड की सहायता से select किया जाता है और उस सेल के चारों ओर गहरा काला बाॅडर बन जाता है, इस सेल को एक्टिव सेल (Active cell) कहते हैं



4. **अबेकस (Abacus)** - [अबेकस (Abacus)]() अबेकस पहला ऐसा कंप्यूटर था, जो गणना कर सकता था। अबेकस का निर्माण लगभग 3000 वर्ष पूर्व चीन के वैज्ञानिकों ने किया था। एक आयताकार फ्रेम में लोहे की छड़ों में लकडी की गोलियाँ लगी रहती थी जिनको ऊपर नीचे करके गणना या केलकुलेशन की जाती थी। यानी यह बिना बिजली के चलने वाला पहला कंप्यूटर था वास्तव में यह काम करने के लिए आपके हाथ्ाोें पर ही निर्भर था।



5. **एक्सेस (Access)** - जब आप अपने कंप्यूटर या ईमेल पर वैध तरीके से अपनी पहुॅच बनाते हैं या खोलते हैं जिसके लिये आप Username और password का प्रयोग करते हैं और तो साधारण्ा भ्ााष्ाा मेंः

कहा जायेगा कि आप अपने खाते को एक्सेस (access) कर पा रहे हैं

6. **अकाउंट (Account) -** यह एक प्रकार की मेंबरशिप होती है जो आप किसी भी नेटवर्क पर जैसे ऑनलाइन शॉपिंग, ऑनलाइन बैंकिग, ईमेल सर्विस या अपने पर्सनल कंप्यूटर पर बनाते हैं, अकाउंट (Account) बनाने के लिये आपकी निजी जानकारी जैसे आपका नाम, पता आपका मोबाइल नंबर या आपका ईमेल आईडी भी शामिल हो सकता है

7. **एक्रोबेट रीडर (Acrobat Reader) -** Adobe कंपनी ने एक [फाइल फार्मेट]() डेवलप की है जिसका नाम .PDF है यानि Portable Document Format अब इस .PDF को रीड करने के लिये या ओपन करने के लिये बनाया गया Adobe Acrobat Reader, इसमें किसी भी

प्रकार की PDF फाइल का रीड किया जा सकता है और प्रिंट किया जा सकता है

8. **एडमिन (admin) -** इसे Administrator या superuser भ्‍ाी कहते हैं, अगर आपके पास Computer, किसी नेटवर्क या किसी सोशल मीडीया ग्रुप का पूरा कंट्रोल है तो आप एडमिन (admin) या Administrator कहलायेगें

9. **एडोब फा‍ेटोशॉप (Adobe Photoshop)** - फोटोशॉप दुनिया में Digital Imaging हेतु प्रयोग किया जाने वाला सबसे Popular Software है यह Adobe कम्‍पनी द्‍वारा बनाया गया है

10. **ऐडसेंस (AdSense) -** इसे Google Ad Sense के नाम से जाना जाता है ऐडसेंस (AdSense) वेबसाइट और ब्लॉग स्वामियों को वेबसाइट और ब्लॉग की सामग्री से ऑनलाइन पैसे कमाने का तरीका प्रदान करता है

11. **एडवेयर (Adware) -** यह एक प्रकार का वायरस होता है जो आपके ब्राउजर में अपने आप इंस्टॉल हो जाता है, और आपको पूरे वेबपेज पर अनचाहे और जरूरत से ज्यादा विज्ञापन प्रदर्शित करता है

12. **ऐडवर्ड्स (AdWords) -** ऐडवर्ड्स (AdWords) गूगल की advertising service है जो ब्लॉगस, यूट्यूबर्स और अन्य वेबसाइट Publishers के लिये काम करती है, इसमें आप अपने किसी भी बिजनेस और वेबसाइट या

यूट्यूूूब चैनल का विज्ञापन कर सकते हैं इसके लिये आपको AdWords account बनना आवश्यक है

13. **एंड्राइड (Android) -** एंड्रॉयड मोबाइल फोन की दुनिया का सबसे तेजी से प्रगति करता आपरेटिंग सिस्टम है। जिसको गूगल के द्वारा बनाया गया है और यह पूरी तरह से नि शुल्क है एंड्रॉयड आपरेटिंग सिस्टम अपने दिलचस्प नामों की वजह से भी लोकप्रिय है

14. **एप्लीकेशन (Application) -** सभी Computer और Android प्रोग्राम जो अलग-अगल काम करने के लिये बनायें जाते हैं Application कहलाते है। Microsoft Word, Microsoft Excel, Adobe Photoshop, Google Chrome आदि लोकप्रिय एप्लीकेशन हैं।

15. **एफिलिएट (Affiliate) -** ई-कॉमर्स (E-commerce) कंपनियां नये ग्राहकों को जोडनेे और

प्रचार करने के लिये एफिलिएट मार्केटिंग (Affiliate Marketing) का सहारा लेती है, एफिलिएट मार्केटिंग (Affiliate Marketing) के लिये आम यूजर्स का ही सहारा लिया जाता है और होने वाले फायदे में यूजर्स को कुछ कमीशन दिया जाता है जो यूजर्स एफिलिएट मार्केटिंग (Affiliate Marketing) करते हैं को एफिलिएट (Affiliate) कहा जाता है

16. **एंटीकाईथेरा प्रणाली (Antikythera Mechanism) -** एंटीकाईथेरा (Antikythera) असल में एक खगोलीय कैलकुलेटर था जिसका प्रयोग प्राचीन यूनान में सौर और चंद्र ग्रहणों को ट्रैक करने के लिए किया जाता था, एंटीकाईथेरा यंत्र लगभग 2000 साल पुराना है, वैज्ञानिको को यह यंत्र 1901 में एंटीकाइथेरा द्वीप पर पूरी तरह से नष्ट हो चुके जहाज से जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में प्राप्त हुआ था, एंटीकाईथेरा तंत्र ने आधुनिक युग का पहला ज्ञात एनलोग कंप्यूटर होने का श्रेय प्राप्त कर लिया

17. **एनॉनमस ईमेल (Anonymous Email)** - अक्सर कभी कभी हमें कुछ जगह पर अपनी पहचान छिपा कर जानकारी देने की जरूरत होती है, एनॉनमस ईमेल (Anonymous-email) की सहायता से आप बिना अपनी ईमेल आईडी के किसी भी व्यक्ति को ईमेल कर सकते है, यानि Anonymous-email उस Email को कहते हैं जिसका कोई नाम पता नहीं होता है या फिर अगर होता भी है तो बिल्कुल Fake होता है।

18. **अवतार (Avatar)** - कंप्यूटर Avatar आपका ग्राफिकल प्रतिरूप होता है, असल में जब आप गेम खेलते

हैं या किसी चैटग्रुप में चैट करते हैं तो यह Avatar आपको री प्रेजेंट करता है, यह और भी कारगर तब होता है जब आप ऑनलाइन मल्टीप्लेयर गेम खेल रहे होते हैं

19. **ऑगमेंटेड रियलिटी (Augmented Reality)** - ऑगमेंटेड रियलिटी वर्चुअल रिएलिटी का ही दूसरा रूप है, इस तकनीक में आपके आसपास के वातावरण से मेल खाता हुआ एक कंप्यूटर जनित वातावरण तैयार किया जाता हैं। यानि आपके आसपास के दुनिया के साथ एक और आभासी दुनिया को जोडकर एक वर्चुअल सीन तैयार किया जाता है, जो देखने में वास्तविक लगता है

20. **एयरप्लेन मोड (airplane mode)** - हवाई जहाज का सफर पूरी तरह से एयर ट्रैफिक कंट्रोल द्वारा

भेजे गये निर्देशों, रेडार द्वारा भेजे गये सिग्नलों और हवाई जहाज के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर निर्भर रहता है। यह सिग्नल एक खास फ्रीक्वेंसी में भेजे जाते हैं। लेकिन मोबाइल नेटवर्क विमान के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को नुकसान पहुॅचा सकता है। हवाई यात्रा के दौरान मोबाइल को एयरप्लेन मोड लगाने पर मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह से बंद हो जाते हैं, लेकिन आप फोन से अन्य काम ले सकते हैं जैसे म्यूजिक सुनना, गेम्स खेलना आदि और हवाई सफर बिना किसी परेशानी और बोरियत के पूरा हो जाता है।

21. **बायोस (BIOS) -** BIOS कंप्यूटर के ऑन होने पर रैम, प्रोसेसर, की-बोर्ड, माउस, हार्ड ड्राइव की पहचान कर उन्हें कन्फिगर (Configure) करता है। बायोस (BIOS) की Full Form है बेसिक इनपुट आउटपुट सिस्टम (Basic Input Output System)

22. **ब्राउज़र (Browser) -** वेब ब्राउज़र एक ऐसा सॉफ्टवेयर होता है जो आपको इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री जैसे

ब्लॉग बेवसाइट पर उपलब्ध लेख, इमेज, वीडियो और ऑडियो और गेम्स आदि को देखने और प्रयोग करने में अापकी सहायता करता है।

23. **बायनरी सिस्टम (Binary System)** - कंप्यूटर बाइनरी गणना पर ही चलता है क्यों की इलेक्ट्रॉनिक्स में किसी भी सिग्नल की चालू या बंद दो ही अवस्था हो सकती है बाइनरी नंबर सिस्टम (द्विआधारी संख्या प्रणाली) में कोई भी संख्या सिर्फ 2 अंको के माध्यम से ही लिखी जाती है, वे दो अंक है 0 और 1



24. **बाइट (Byte) -** बिट कंप्यूटर की मैमाेरी सबसे छोटी इकाई होती है और 8 बिट को मिलाकर 1 बाइट बनता है, बाइट कंप्यूटर की स्मृति में एक अक्षर द्वारा ली जाने वाली जगह को कहते हैं



25. **बारकोड (Barcode) -** बारकोड (Barcode) पतली व गहरी मोटी काली रेखाओं के संयोजन से प्रत्येक वस्तु पर मुद्रित किया जाता है जिसे दुकानों या सुपर मार्किट में कंप्यूटर की मदद से पढ़ा जाता है, उस वस्तु के बारे में सब तरह की जानकारी (वस्तु का नाम, वस्तु की मात्रा, उसका मूल्य इत्यादि) दे देता है। इसे पढने के लिये बारकोड रीडर की आवश्यकता होती है

26. **बूट (Boot) -** कंप्यूटर स्टार्ट करने पर सीपीयू (CPU) और बायोस (BIOS) मिलकर कंप्यूटर को स्कैन करते हैं, बायोस (BIOS) बूटिंग डिवाइस को सर्च करता है और विडोज को शुरू करता है इस प्रिक्रिया को बूट करना कहते हैं



27. **बैकस्पेस (Back Space) -** कमप्यूटर की-बोर्ड मे बैकस्पेस बटन द्वारा कर्सर के बाई और लिखे अक्षर को मिटा सकते है। ऐसा करने पर कर्सर अन्त में टाइप किए गए अक्षर को मिटाने हुए बाई ओर लौटता है।

28. **बैकअप (Backup) -** कंप्यूटर की भाषा में आपके डाटा का एक और डुप्लीकेट प्रति बनाना बैकअप लेना कहलाता है ताकि डेटा का नुकसान होने के बाद उन्हें दोबारा प्राप्त किया जा सके

29. **बेड सेक्टर (Bad Sector) -** हार्ड डिस्क का कुछ हिस्सा जो डाटा स्टोर करने लायक नहीं रहता है यानि बेकार हो जाता है वह बेड सेक्टर (Bad Sector) कहते हैं



30. **बैच फ़ाइल (batch file) -** बैच फ़ाइल (batch file) में क्रमबद्ध तरीके से लिखे हुए डॉस कमांड होते हैं। साधारणतया बार-बार किए जाने वाले काम को अपने आप करवाने के लिए उसे लिखा जाता है। बजाय इसके कि कमांड को बार-बार टाइप करना पड़े

31. **बीटा (Beta) -** किसी नये Software को लांच करने से पहले उसका Test Version लांच किया जाता है जिससे उसकी कमिंया पता चल सकेंं, इसे टेस्ट वर्जन को ही बीटा वर्जन (Beta Version) भी कहते हैैं

32. **बिग डाटा (Big data) -** बिग डाटा (Big data) बहुत सारे डेटा सेट का संग्रह होता है यह बहुत बडा और जटिल हाेता है, बिग डाटा (Big data) का प्रयाेेेग सटीकटा से जानकारी प्राप्त करने के लिये किया जाता है

33. **बिटकॉइन (Bitcoin) -** बिटकॉइन (Bitcoin) एक आभासी मुद्रा यानि वर्चुअल करेंसी (Virtual Currency) है, इसके इस्तेमाल और भुगतान के लिये क्रिप्टोग्राफी (Cryptography) का इस्तेमाल किया जाता है इसलिये इसे क्रिप्टो करेंसी (Crypto currency) भी कहा जाता है।

34. **बिटमैप (Bitmap) -** कंप्यूटर में डाटा को 0 और 1 के रूप में रखा जाता है, इसे बिट कहते है और जब इन सूचनाओं का एक मैप तैयार किया जाता है तो इसे बिटमैप (Bitmap) कहते हैं

35. **बिट टोरेंट (Bittorrent) -** बिट टोरेंट (Bittorrent) एक Torrent Client है जिसके माध्यम से आप आसानी से Torrent download कर सकते हैं, यह internet download manager की तरह ही एक software होता है, जो Torrent files को download और upload करने के काम आता है

36. **ब्लॉग (Blog) -** ब्लॉग वेब-लॉग शब्द का संक्षिप्त रूप है, यह एक प्रकार की ऑनलाइन पर्सनल डायरी होती है, जहाँ आप कुछ भी लिख सकते हैं, इस शब्द का प्रयोग प्रथम बार 1997 में अमेरिका किया गया था हिन्दी भाषा में ब्लॉग को "चिट्ठा"कहा जाता है।

37. **ब्लॉगर (Bloger) -** ब्लॉग (Blog) लिखने वाले व्यक्ति को ब्लॉगर (Bloger) या चिट्ठाकार कहा जाता है

38. **ब्लॉगिंग (Blogging) -** ब्लॉग (Blog) पर ब्लॉगर (Bloger) द्वारा लगातार लेख, ऑडियाे या वीडियो आदि पोस्ट करना ब्लॉगिंग (Blogging) कहलाता है

39. **ब्लू रे डिस्क (Blu Ray Disc) -** CD और DVD के बाद फ़िल्मों और डेटा के स्टोर करने के लियेब्लू रे डिस्क (Blu Ray Disc) का प्रयोग किया जा रहा है इसे पढने के लिये जिस प्रकाश्ा का प्रयाेेेग किया जाता है वह नीले रंग का होता है, ब्लू रे डिस्क (Blu Ray Disc) पर 50 गीगा बाइट डाटा स्टाेर किया जा सकता है

40. **ब्लूटूथ (Bluetooth) -** ब्लूटूथ एक वायरलेस तकनीक है दो या और अधिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एक दूसरे से वॉइस (voice) और डेटा (data) के आदान प्रदान के लिए ब्लूटूथ टेक्नोलॉजी (Bluetooth technology) का उपयोग किया जाता है

41. **बुकमार्क (Bookmarks)** - बुकमार्क (Bookmarks) वेबसाइट के वह लिंक्स होते हैं जो आपके वेबब्राउजर में सेव कर लिये जाते हैं और कभी बुकमार्क (Bookmarks) पर क्लिक कर आप अपने पंसदीदा वेबपेज पर सीधे जा सकते हैं

42. **बॉट (Bot)** - इन्हें वेब रोबॉट भी कहा जाता है, ये सॉफ्टवेयर कोडिंग का एक सेट लेआउट होता है। बॉट कृत्रिम रूप से बुद्धिमान प्रोग्राम है इन्हें आपकी सहूलियत के लिये डिजायन किया गया है यह कई प्रकार के होते हैं जैसे चैटिंग बॉट, शॉपिंग बॉट, अडवाइजरी बॉट



43. सीडीएमए (CDMA) - CDMA यानि कोड डिवीजन मल्टीपल एक्सेस, इस प्रकार के नेकवर्क पर जो फोन काम करते हैं, उन मोबाइल फोन में सिम कार्ड नहीं पडता है अौर अगर पडता भी है तो केवल उसी मोबाइल नेटवर्क कंपनी को पडता है जिस मोबाइल नेटवर्क कंपनी का आपने फोन खरीदा है

44. क्रोम (Chrome) - इसे गूगल क्राेेेम के नाम से जाना जाता है, Google Chrome आधुनिक वेब के लिए बनाया गया एक तेज़, सुरक्षित और नि:शुल्क वेब ब्राउज़र है, इसे गूगल ने September 2, 2008 को लांच किया था

45. कैप्स लॉक (Caps Lock) - मोबाइल हो या कंप्यूटर का की-बोर्ड, कैप्स लॉक (Caps Lock) फंःंग्शन सभी Keyboard में दिया गया होता है, इसे active करने पर Keyboard से Type किये जाने वाले सभी शब्द capitalizes होते हैं यानि अंग्रेजी के बडे अक्षरों में टाइप होते हैं

46. कैप्चा (Captcha) - कैप्चा (Captcha) एक प्रकार का चैलेंज टेस्ट होता है कैप्चा (Captcha) की फुल फॉर्म है, (Completely Automated Public Turing Test to tell Computers and Humans Apart) जिसे केवल इंसान ही सुलझा सकता है

47. सीजीआई (CGI) - सीजीआई (CGI) का पूरा अर्थ है (कंप्यूटर ग्राफिक्स इमेज) इस तकनीक का प्रयोग आज कल की सभी फिल्मों में हो रहा है, वजह सीधी सी है सीजीआई (CGI) के प्रयोग से किसी भी प्रकार का सेट तैयार कर सकते हैं, जो देखने में बिलकुल असली जैसा होता है

48. क्लाउड कम्प्यूटिंग (Cloud Computing) - सभी प्रकार के डाटा जैसे Documents, photos, music, videos etc. को Computer के साथ साथ Internet पर भी Save करके रख सकते हो, जैसे बादल कहीं से पानी लेते हैं और कहीं पे भी

बरसा देते हैं उसी आधार पर है Cloud Computing यह भी नेेेटवर्क के माध्यम से काम करती है

49. सीमोस (CMOS) - मदरबोर्ड में (CMOS) यानि Complementary metal oxide semiconductor नाम की चिप में BIOS की सेटिंग्स स्टोर रहती हैं



50. **कम्पाइलर (compiler) -** कम्पाइलर (compiler) एक या अधिक कम्प्यूटर प्रोग्रामों का समूह होता है जो किसी उच्च स्तरीय कम्प्यूटर भाषा जैसे सी++, जावामें लिखे प्रोग्राम को किसी दूसरी कम्प्यूटर भाषा में बदल देता है।



51. कंप्यूटर (Computer) - कंप्यूटर शब्द अंग्रेजी के "Compute" शब्द से बना है, जिसका अर्थ है "गणना", करना होता है इसीलिए इसे गणक या संगणक भी कहा जाता है, इसका अविष्कार Calculation करने के लिये हुआ था

52. कुकी (Cookie) - Browser द्वारा चुपके से आपके द्वारा की गयी Surfing की जानकारी को छोटी-छोटी Text फाइलों के रूप में Store कर लिया जाता है। इन्हीं Text फाइलों को कुकी कहते है।



53. साइबर क्राइम (Cyber Crime) - इसे साधारण भाषा में या हैकिंग करते हैं, इससे साइबर अपराधी आपके कंप्यूटर नेटवर्क में प्रवेश कर आपकी निजी जानकारी चुरा लेते हैं और इसका दुरूपयोग करते हैं



54. कैश मेमोरी (Cache Memory) - कैश मेमोरी (Cache Memory) चाहे फोन की हो या कंप्यूटर की हो कोई भी

काम अत्यधिक तेजी से करती है, असल में कैश मेमोरी (Cache Memory) आकार में बहुत छोटी लेकिन कंप्यूटर की मुख्य मेमोरी से बहुत ज्यादा तेज होती है, इसे सीपीयू की मैमोरी भी कहा जाता है



55. डाटा (Data) - डाटा तथ्यों और सूचनाओं का संग्रह होता है यह दो प्रकार का होता है चिन्हात्मक डाटा (alpha-numeric Data) और संख्यात्मक डाटा (Numeric Data)

56. **डाटा प्रोसेसिंग (Data Processing)** - कंप्यूटर द्वारा स्टोर डाटा से सूचना प्राप्त करने के लिये बहुत सी क्रियाएं की जाती हैं जैसे जोड़ना, घटाना ,गिनना ,भाग देना इन सभी क्रियाओं को डाटा प्रोसेसिंग (Data Processing) कहते हैं

57. **डाटा ट्रांसफर रेट (Data Transfer Rate / DTR) -** डेटा की एक निश्चित मात्रा काे एक डिवाइस से दूसरी डिवाइस में ट्रांसफर करने में लगने वाले समय काे डाटा ट्रांसफर रेट (Data Transfer Rate / DTR) कहते हैं



58. **डाटाबेस (Database) -** डाटा को एक निश्चित प्रारूप पर स्टोर करना जिसमें एक या उससे अधिक टेबल भी शामिल हो सकती हैं वह डाटाबेस कहलता है

59. डीबगिंग (Debugging) - जब कोई व्यक्ति सॉफ्टवेयर में बग (bug) का पता लगाकर उसे हटाता या प्रोग्राम को सही करता है तो यह प्रक्रिया डीबगिंग कहलाती है।

60. **डिफाल्ट (Default) -** कंप्यूटर की भाषा में डिफाल्ट (Default) का मतलब है कि किसी भी Software को उस सेटिंग पर ले जाना जिस पर प्रोग्रामर ने उसे बनाया था, यह एक प्रकार की preset value होती है

61. **डिलीट (Delete) -** Computer Terminology के अनुसार Computer से किसी भी Text, File, Folder या Software को हटाने, मिटाने या Computer से निकालने को डिलीट (Delete) कहते हैं

62. डीएनएस (DNS) - डीएनएस (DNS) का अर्थ है डोमेन नाम प्रणाली (Domain Name System) शार्ट में DNS, यह आपकी साइट का मुख्य पता या Web Address होता है, जैसे Google का Domain Name है, www.google.com इसमें ".com " Domain है।

63. **डाउनलोड (Download) -** Internet या और किसी माध्यम से Computer में Data प्राप्त किया जाता है तो यह प्रकिया डाउनलोड (Download) कहलाती है

64. **डेस्कटॉप (Desktop) -** कम्प्यूटर Start होने के बाद जो पहली screen दिखाई देती है। जिसमें फाईल फोल्डर या प्रोग्राम के अायकन होते हैं, Start Menu होता है और वालपेपर होता है वह आपके कंप्यूटर का डेस्कटॉप कहलाता है

65. ई कॉमर्स (E-commerce) - इंटरनेट के जरिये व्यापार का करना ही ई-कॉमर्स कहलाता है चाहे वह सामान खरीदना या बेचना।

66. ईमेल (Email) - इंटरनेट के माध्यम से चिठ्ठी या मैसेज भेजना ईमेल (Email) कहलाता है Email को Electronic Mail भी कहते हैं



67. [ईमोजी (Emoji)]() - कार्टून वाले चेहरे यानि इमोजी का प्रयोग इंटरनेट पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिये किया जाता है, अगर किसी को कहना हैं कि मैं गुस्सा हूॅ तो गुस्से वाला इमोजी, अगर किसी को बताना है आप खुश हैं तो मुस्कराता हुआ इमोजी

68. **इमोटिकॉन (emoticon) -** यह भी ईमाेजी की तरह ही हाेता है, इमोटिकॉन (emoticon) भी भावनाओं का व्यक्त करते हैं लेकिन इसे आप सीधे-सीधे की-बोर्ड की सहायता से बना सकते हैं जैसे happy face के लिये - **:)**



69. एकसल (Excel) - Microsoft Excel एक बहुत ही उपयोगी Office Software है, यह MS Office के पैकेज में साथ आता है इसमें आप एक Spread Sheet तैयार कर सकते हैं और उनको Tabular format में open, create, edit, formatting, calculate, share एवं print आदि करने का कार्य कर सकते हैं

70. **ईथरनेट (Ethernet)** - ईथरनेट (Ethernet) लोकल एरिया नेटवर्क तैयार करने का एक प्रोटोकॉल होता है। ईथरनेट (Ethernet) का प्रयोग एक से अधिक कंप्यूटरों के लिए इंटरनेट से कनेक्ट करने के लिए उपयोग किया जाता है



71. एन्क्रिप्शन (Encryption) - इन्क्रिप्शन किसी मैसेज या सूचना को भेजने की एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक डाटा को एक अलग फॉर्म में कनवर्ट कर जाता है और केवल सूचना को भेजने वाला और प्राप्त करने वाला ही इसे पढ सकता है



72. इलेक्ट्रॉनिक आर्टिकल सर्विलांस (EAS) - इलेक्ट्रॉनिक आर्टिकल सर्विलांस (Electronic Article Surveillance) नये जमाने का एंटी थीफ सिस्टम (Anti-thief systems) है, ऐसे लोग जो दिन के समय भी लाइब्रेरी या शॉपिंग

मॉल से लोगों की नजर बचाकर सामान चोरी कर लेते हैं, यह तकनीक उन्हीं लोगों को पकडने के लिये है।

73. फेसबुक (Facebook) - फेसबुक (Facebook) वर्तमान में दुनिया का सबसे बडी Social Networking Website है, इसे मार्क जुकरबर्ग (Mark Zuckerberg) ने बनाया थ्ाा जब वह काॅॅलेज में पढा करते थ्ाे

74. एफ ए क्यू (FAQ) - एफ ए क्यू (FAQ) का पूरा अर्थ है अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न यानि Frequently Asked Questions

75. **फैट 32 (FAT32) -** फैट 32 (FAT32) का पूरा अर्थ है File Allocation Table, इसका प्रयाेग हार्ड डिस्क ड्राइव की स्टोरेज के प्रकार को दर्शाने के लिये किया जाता है

76. फाइल एक्सटेंशन (File extension) - कंप्यूटर फाइल की पहचान के लिये उसके पीछे कुछ श्ाब्द यानि फाइल एक्सटेंशन जोड देता हैं, जिससे बडी अासानी से पता चल जाता है कि यह फाइल किस प्रकार की फाइल है। इसे फाइल एक्सटेंशन (File extension) कहते हैं

77. **फ़ायरवॉल (Firewall) -** फ़ायरवॉल (Firewall) कंप्यूटर सिस्टम या नेटवर्क का एक हिस्सा है जिसका प्रयोग अनाधिकृत उपयोग को रोकने के लिये किया जाता है



78. एफटीपी (FTP) - फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (एफटीपी) एक इंटरनेट प्रोटोकॉल (Internet Protocol) होता है, जिसमें TCP/IP connections के माध्यम से दो कंप्यूटरों के बीच फाइलों का आदान-प्रदान करते हैं

79. **गेटवे (Gateway) -** गेटवे (Gateway) इंटरनेट के माध्यम से बना हुआ एक ऐसा नेटवर्क होता है जो दो या उससे अधिक कंप्यूटरों के बीच एक पुल का काम करता है, जिससे उनके बीच में डाटा ट्रांसफर किया जा सके



80. गूगल (Google) - गूगल वर्तमान में विश्‍व का सबसे बडा सर्च इंजन हैं, इंटरनेट पर कुछ भी खोजने के लिये गूगल का ही इस्‍तेमाल किया जाता है

81. गूगल ड्राइव (Google Drive) - गूगल ड्राइव (Google Drive) गूगल की क्‍लाउड स्‍टोरज सर्विस है

82. गीगाबाइट (Gigabyte) - गीगाबाइट (Gigabyte) को आप GB के नाम से भी जानते हैं यह कंप्‍यूटर की मैमोरी मात्रक हैं 01 गीगाबाइट में 1024 MB यानि 1024 मेगाबाइट होते हैं हार्डडिस्‍क अाैर पेनड्राइव

गीगाबाइट के हिसाब से ही खरीदी जाती हैं - A gigabyte is 10^9 or 1,000,000,000 bytes.= 1024 megabyte

Processor or Virtual Storage	Disk Storage
· 1 Bit = Binary Digit	· 1 Bit = Binary Digit
· 8 Bits = 1 Byte	· 8 Bits = 1 Byte
· 1024 Bytes = 1 Kilobyte	· 1000 Bytes = 1 Kilobyte
· 1024 Kilobytes = 1 Megabyte	· 1000 Kilobytes = 1 Megabyte
· 1024 Megabytes = 1 Gigabyte	· 1000 Megabytes = 1 Gigabyte
· 1024 Gigabytes = 1 Terabyte	· 1000 Gigabytes = 1 Terabyte
· 1024 Terabytes = 1 Petabyte	· 1000 Terabytes = 1 Petabyte
· 1024 Petabytes = 1 Exabyte	· 1000 Petabytes = 1 Exabyte
· 1024 Exabytes = 1 Zettabyte	· 1000 Exabytes = 1 Zettabyte
· 1024 Zettabytes = 1 Yottabyte	· 1000 Zettabytes = 1 Yottabyte
· 1024 Yottabytes = 1 Brontobyte	· 1000 Yottabytes = 1 Brontobyte
· 1024 Brontobytes = 1 Geopbyte	· 1000 Brontobytes = 1 Geopbyte

83. गीगाहर्ट्ज़ (Gigahertz) - गीगाहर्ट्ज़ (Gigahertz) का अर्थ कंम्प्यूटर का प्राेसेसर की Clock Speed से है कि वह 1 सेकेण्ड की किनते डाटा की गणना कर सकता है



84. **जीआईएस (GIS)** - जीआईएस (GIS) का पूरा अर्थ है ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम है इसके माध्यम

से पृथ्वी की भौगोलिक आकृतियों, भू-भागों आदि को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाता है

85. **जीपीएस (GPS)** - जीपीएस (GPS) का पूरा अर्थ है ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम यह सैटेलाइट आधारित नेविगेशन सिस्टम है जो रीयल टाइम लोकेशन बताता है

86. **जीपीयू (GPU)** - जीपीयू (GPU) का पूरा अर्थ है ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (Graphics processing unit) GPU एक प्रोसेसर की तरह काम करता है जिसके अंदर

ग्राफिक्स कैलकुलेशन होती हैं, यानि जीपीयू (GPU) Computer में ग्राफिक्स का सारा काम देखता है



87. **एचटीटीपी (HTTP) -** एचटीटीपी (HTTP) का पूरा अर्थ है हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल (HyperText Transfer Protocol) एक एप्लीकेशन प्रोटोकॉल है जिसका प्रयोग इंटरनेट पर डाटा ट्रांसफर करते समय किया जाता है



88. **एचटीएमल (HTML) -**एचटीएमल (HTML) का पूूरा अर्थ है हाइपर टेक्स्ट मार्कअप लेंगुएज (Hypertext Markup Language) इसका प्रयाेग Web Pages Design करने के लिये किया जाता है



89. **हैकर (Hacker)** - हैकर (Hacker) वह व्यक्ति होते हैं तो प्रोग्रामर द्वारा बनाये गये प्रोग्राम में अनाधिकृत रूप से प्रवेश प्राप्त कर लेते हैं और सिस्टम को अपने नियंत्रण में ले लेते हैं

90. हार्ड कॉपी (Hard Copy) - अगर आप किसी डॉक्यूमेंट की कॉपी प्रिंटर द्वारा प्रिंट कर रहे हैं तो असल में आप उसकी हार्ड कॉपी या कागज़ी प्रति तैयार कर हैं।

91. हार्ड डिस्क (Hard Disk) - हार्ड डिस्क (Hard Disk) में कम्प्यूटर के सभी प्रोग्राम और डाटा सुरक्षित रहते है। हार्ड डिस्क की मेमोरी स्थायी होती है, इसीलिए कम्प्यूटर को बंद करने पर भी इसमें सुरक्षित प्रोग्राम और डाटा समाप्त नहीं होता है।

92. हार्डवेयर (Hardware) - हार्डवेयर Computer का Machinery भाग होता है जैसे LCD, की-बोर्ड, माउस, सी0पी0यू0, यू0पी0एस0 आदि जिनको छूकर देखा जा सकता है। इन Machinery Part के मिलकर computer का बाहरी भाग तैयार होता है

93. हाइबरनेट (Hibernate) - Hibernate वह प्रकिया है जिसमें आप अपने कम्प्यूटर के अन्दर किये जा रहे समस्त कार्य को बिना बन्द या समाप्त किये कम्प्यूटर को शटडाउन कर सकते है



94. **होम पेज (Home Page) -** किसी भी Web site के पहले पेज को ही होम पेज (Home Page) कहतेे हैं जब आप किसी Web site को ओपन करने हैं तो आपको सबसे पहले होम पेज (Home Page) ही दिखाई देेेता है

95. **हब (Hub) -** हब (Hub) एक एेेसी hardware device होती है जो कई सारे कंप्यूटर को Network से जोडने का काम करती है



96. **हाइपरलिंक (Hyperlink) -** हाइपरलिंक (Hyperlink) एक ऐसा लिंक होता है जिसे किसी शब्द, इमेज या वीडीयो से जोड दिया जाता है और जब आप इस पर क्लिक करते हैं जो अाप किसी दूसरे पेज पर चले जाते हैं

97. **आइकॉन (Icon) -**आइकॉन किसी प्रोग्राम अथवा कंप्यूटर के किसी फोल्डर का छोटा चित्र होता है, जिससे उस फोल्डर या प्रोग्राम की पहचान की जा सकती है

और क्लिक करके प्रोग्राम या फोल्डर को खोला जा सकता है

98. **इंटरफेस (Interface) -** इंटरफेस (Interface) के माध्यम से यूजर कंप्यूटर के साथ बेहतर तरीके से communicate कर पाता है, कंप्यूटर में इसे ग्राफ़िकल यूज़र इंटरफ़ेस (graphical user interface) कहते हैं

99. **आईसीएस (ICS) -** आईसीएस (ICS) का पूरा अर्थ है इंटरनेट कनेक्शन शेयरिंग (Internet Connection Sharing) इसके माध्यम से आप Local Area Network (LAN) में अपने Computer का Internet Connection दूसरे Computer के साथ Share कर सकते हैं



100. आईएमएपी (IMAP) - आईएमएपी (IMAP) आपके कंप्यूटर पर मेल क्लाइंट के जरिये ईमेल के सर्वर से ईमेल डाउनलोड करने की अनुमति देता है।

101. **इनबॉक्स (Inbox)** - इनबॉक्स (Inbox) शब्द ईमेल से जु़ु़ु़ड़ा हुआ है, जिस स्थान या फोल्डर में आपको आने वाले ईमेल आपको प्राप्त होते हैं वह इनबॉक्स (Inbox) कहलाता है

102. **इंडेक्स (Index) -** इंडेक्स (Index) का अर्थ है Computer में Data की List तैयार करना, जिसमें आपकी सभी फाइलें और डाटाबेस एन्ट्रीयॉ भी हो सकती हैं



103. **इनपुट (Input) -** Computer में कोई डाटा या निर्देशों को Enter करते हैं तो यह इनपुट (Input) कहलाता है

104. इनपुट डिवाइस (Input Device) - Input Device वे Hardware Device होते है जिनके द्वारा हम अपने डाटा या निर्देशों को Computer में Input करा सकते हैं जैसे की-बोर्ड

See Above Image

105. **इंस्टॉल (Install)** - किसी प्रोग्राम को Computer में स्थापित करना इंस्टॉल (Install) कहलाता है

106. इंटरनेट (Internet) - इंटरनेट (Internet) को हिंदी में अंतरजाल भी कहते हैं, यह एक ऐसा नेटवर्क है जिससे दुनिया भर के कंप्यूटर एक दूसरे से जुडे हुए हैं, इसमें Internet Protocol के जरिये सूचना का आदान प्रदान करते हैं

107. आईपी (IP) - आईपी (IP) का पूरा अर्थ है इंटरनेट प्रोटोकॉल (Internet

Protocol) जब कम्प्यूटर को इंटरनेट से जोडते हैं तो आपके डिवाइस को इंटरनेट पर पहचाने के लिये एक खास कोड दिया जाता है, जिससे आपकी लोकेशन और नेटवर्क का पता चलता है। इस कोड को आईपी एड्रेस (IP address) या इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस (Internet Protocol Address) कहते हैं।



108. **जावा (JAVA)** - जावा (JAVA) एक प्रोग्रामिंग भाषा (programming language) है, इसे सन माइक्रोसिस्टम्स (Sun Microsystem) द्वारा विकसित किया गया था

109. **जेपीईजी (JPEG) -** जेपीईजी (JPEG) कंप्यूटर में ईमेज के लिये आमतौर पर प्रयोग किया जाने वाला फ़ाइल फॉर्मेट है

110. **जॉयस्टिक (Joystick) -** जॉयस्टिक (Joystick) एक इनपुट डिवाइस है जिसका प्रयोग कंप्यूटर पर गेम्स खेलने के किया जाता है

111. **जैमर (Jammer) -** जैमर (Jammer) एक ऐसा यंत्र है, जो मोबाइल फोन को बेस स्टेशन से सिग्नल लेने से रोकता है, इसे Phone Jammer भी कहते हैं

112. **जूमला (Joomla) -** जूमला (Joomla) भी ब्लाॅॅॅॅगर की तरह ही एक नि:शुल्क प्लेटफार्म है, जहां ब्लांगिग की जा सकती है

113. **जंक फाइल (Junk File) -** कंम्यूटर में पडी बेकार और अनुपयोगी फाइलों का जंक फाइल (Junk File) कहते हैं

114. **<u>जेल ब्रेक (Jail Break) -</u>** जेल ब्रेक (Jail Break) का प्रयोग आईफोन में किया जाता है, जब आप Iphone jailbreak कर रहे होते हैं जब आप असल में Iphone की डिफाल्ड सिक्योरिटी को ब्रेक कर चुके होते हैं और सिस्टम में मनचाहे बदलाव कर सकते हैं बिलकुल जैसे android को Root किया जाता है

115. **केबीपीएस (Kbps)** - तकनीकी भाषा में डाटा ट्रांसफर रेट (data transfer rate) के लिये केबीपीएस (Kbps) का प्रयोग किया जाता है, केबीपीएस (Kbps) का पूरा अर्थ है किलो बाइट पर सेकेण्ड (Kilobytes per second)



116. **कीबोर्ड (Keyboard)** - कीबोर्ड (Keyboard) एक इनपुट डिवाइस है जिससे कंप्यूटर में टाइपिंग का काम लिया जाता है और कंमाड एंटर की जाती हैं

117. **कीबोर्ड शार्टकट्स (Keyboard shortcuts) -** माउस के बजाय किसी प्रोग्राम को ओपन करने के लिये या किसी कंमाड का एप्लाई करने के लिये कीबोर्ड के कुछ बटनों को एक साथ दबाकर एक कॉम्बिनेशन बनाया जाता है - जैसे माउस से कॉपी करने के बजाये आप Ctrl+c से कॉपी कर सकते हैं इसे ही कीबोर्ड शार्टकट्स (Keyboard shortcuts) कहते हैं

(Very) Basic Keyboard Shortcuts	
Ctrl + X	Cut
Ctrl + C	Copy
Ctrl + V	Paste
Ctrl + Z	Undo
Ctrl + Y	Redo
Ctrl + B	Bold
Ctrl + I	Italics
Ctrl + S	Save
F12	Save As

118. **कीलॉगर (Keylogger) -** कीलॉगर (Keylogger) एक Spy Tool है, इसका प्रयोग कीबोर्ड को Record करने में किया जाता है यानि आप Keyboard से कुछ Type करते है तो वह भी Record हो जाता है

119. **कीस्ट्रोक (keystroke)** - कीबार्ड पर टाइपिंग करते समय आप जितनी बार कीबोर्ड के बटन को प्रेस करते हैं वह कीस्ट्रोक (keystroke) कहलाता है इसमें स्पेस के बटन काे भी गिना जाता है यानि अगर आपने टाइप किया my big guide तो इसमें कुल 12 कीस्ट्रोक (keystroke) हुए

120. **<u>कीवर्ड (Keywords) -</u>** कीवर्ड (Keywords) उन शब्दों को कहते है जिनको आप इंटरनेट पर कुछ सर्च करने के लिये आप गूगल या बिंंग जैसे सर्च इंजन में टाइप करते हैं और सर्च इंजन द्वारा आपके द्वारा टाइप किये गये कीवर्ड को ब्लॉग और वेबसाइट में खोजा जाता है और आपके कीवर्ड (Keywords) से मिलते जुलते परिणाम आपको दिखा दिये जाते हैं

121. **<u>लैन (LAN) -</u>** लैन (LAN) का पूरा अर्थ है लोकल एरिया नेटवर्क (local area network) यह नेटवर्क एक प्रकार है, लोकल एरिया नेटवर्क (local area

network) के माध्यम से ऑफिस, घर या स्कूल के कंप्यूटर केबल या वाईफाई के द्वारा आपस में जुडे रहते हैं और बिना इंटरनेट के फाइल ट्रांसफर और प्रिंटर शेयर आदि कर सकते हैं

122. लैपटॉप (Laptop) - लैपटॉप (Laptop) एक प्रकार का portable computer होता है, इसे कहीं भी आसानी से लाया व ले जाया जा सकता है

123. लेजर प्रिंटर (Laser Printer) - कलर प्रिंटर के मुकाबले प्रोफेशलन रूप से लेजर प्रिंटर (Laser Printer) का प्रयोग किया जाता है, इसमें लेजर तकनीक की सहायता से पेपर पर प्रिंट किया जाता है, इसकी क्षमता 18 पेज प्रति मिनट से लेकर, सबसे तेज़ गति वाले मॉडल प्रति मिनट 200 से अधिक पेज प्रिंट कर सकते हैं

124. **लॉग इन (login)** अगर आपका पहले से एक इंटरनेट पर खाता है, तो अपना केवल अपना ईमेल पता या फ़ोन नंबर और पासवर्ड डालकर अपने खाते में प्रवेश करते हैं इस प्रकिया को **लॉग इन (login)** कहते हैं।



125. **लॉग आउट (Log out) -** लॉग इन (login) किये गये खाते से बाहर निकलने की प्रक्रिया लॉग आउट (Log out) कहलाती है



126. **<u>लिंक्डइन (LinkedIn) -</u>** लिंक्डइन (LinkedIn) एक Business Social Networking Website हैं, यहां केवल पेशवर लोग अकांउट बनाते हैं, जहां आप नौकरियां खोज सकते हैं और अपने प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते हैं

127. **<u>लिनक्स (Linux) -</u>** लिनक्स (Linux) एक ओपेन सोर्स यानि फ्री ऑपरेटिंग सिस्टम है, वर्तमान में उबण्टू, लिनक्स का अत्यन्त लोकप्रिय ऑपरेटिंग सिस्टम है

128. <u>मदरबोर्ड (Motherboard) -</u> यह कंप्यूटर का वह भाग होता है जो आपके <u>इनपुट और आउटपुट डिवाइस मैमोरी और प्रोसेसर</u> को जोडे रखता है, यह एक प्रकार का प्रिंटेड सर्किट बोर्ड होता है इसे आप mb, mainboard, mboard, mobo, mobd, backplane board,

base board, main circuit board, planar board, system board के नाम से भी जानते हैं



129. मेगा पिक्सल (mega pixels) - पिक्सल किसी भी स्क्रीन या फोटो की सबसे छोटी इकाई होता है, कोई भी फोटो या स्क्रीन इन्हीं पिक्सल से मिलकर बनी होती है 10 लाख पिक्सल से मिलकर 1 मेगा पिक्सल बनता है, यानि 1 मेगा पिक्सल में 10 लाख पिक्सल होते हैं



130. मेल मर्ज (Mail Merge) - मेल मर्ज (Mail Merge) की मदद से आप एक साथ कई ईमेल, एनवलप

और लेबल, विभिन्न जानकारियों के साथ अनेक लोगों को भेज सकते हैं। जिससे आप बडी ही आसानी से एक ही वर्ड टैम्पलेट को तैयार कर कई लोगों के लिये लैटर बना सकते हैं



131. नयूतम सिस्टम आवश्यकताएँ (Minimum System requirements) - आपरेटिंग सिस्टम/सॉफ्टवेयर के लिये सिस्टम आवश्यकताएँ होती हैं, सीधी सी भाषा में आपके आपके कम्प्यूटर में वह हार्डवेयर का होना आवश्यक है जो किसी आपरेटिंग सिस्टम/सॉफ्टवेयर की System requirements में लिखा है अगर नहीं है तो सिस्टम अपनी पूरी शक्ति से नहीं चल पायेगा।

1. **जैसे विण्डोज 7 की सिस्टम आवश्यकताएँ है-**
   1. 1 gigahertz (GHz) or faster 32-bit (x86) or 64-bit (x64) processor.

2. 1 gigabyte (GB) RAM (32-bit) or 2 GB RAM (64-bit)
3. 16 GB available hard disk space (32-bit) or 20 GB (64-bit)
4. DirectX 9 graphics device with WDDM 1.0 or higher driver

132. माउस (Mouse) - माउस' एक हार्डवेयर है और कंप्यूटर में इस्तेमाल होने वाला इनपुट डिवाइस है, इसे पॉइंटर डिवाइस (pointing device) माउस की सहायता से आप कंप्यूटर में दिखाई देने वाले तीर के आयकन जिसे कर्सर करते हैं को मूव कर सकते हैं



133. मैक्रो (Macro) - मैक्रो (Macro) एक प्रकार का रिकॉर्डिंग टूल है यह आपके द्वारा किये गये कार्य को रिकार्ड कर लेता और रन कराने पर उसी क्रम में उन्हें दोहरा देता है

134. **एनआईसी (NIC) -** एनआईसी (NIC) की फुलफार्म है नेटवर्क इंटरफेस कार्ड (Network Interface Card) इसे ईथरनेट कार्ड (Ethernet card) और नेटवर्क एडाप्टर (network adapter) भी कहा जाता है, अगर ऐसा कार्ड होता है जिसे मदरबोर्ड के साथ कनेक्ट का कंप्यूटर को ईथरनेट केबल के साथ इंटरनेट या नेटवर्क से जोडा जा सकता है

135. **नेटवर्क (Network) -** कंप्यूटर, सर्वर, मेनफ्रेम, नेटवर्क डिवाइस या अन्य ऐसी डिवाइस जो एक दूसरे से डाटा शेयर करती है उनका आपस का कनेक्शन चाहे वह वायरलैस हो या केबल द्वारा नेटवर्क Network) कहलाता है, हम पूरी दुनिया के कंप्यूटर और स्मार्टफोन इंटरनेट के माध्यम से एक दूसरे से जुडे हैं, इंटरनेट नेटवर्क (Network) का सबसे अच्छा उदाहरण है

136. **नार्थ ब्रिज (Northbridge) -** मदरबोर्ड का एक भाग होता है असल में मदरबोर्ड दो में नार्थ ब्रिज (Northbridge) और साउथ ब्रिज (South Bridge) नाम के दो सर्किट होते हैं इसमें से नार्थ ब्रिज (Northbridge) का काम CPU और सीपीयू के कॅल्क्युलेटेड डेटा और इनफार्मेशन डेटा को साउथ ब्रिज तक पहुचाना होता है



137. **नम लॉक (Num lock) -** नम लॉक (Num lock) कंप्यूटर की-बोर्ड पर दी गयी एक टॉगल की(Toggle keys) होती है अगर नम लॉक (Num lock) ऑन है तो आपके कीबोर्ड का न्यूमेरिक कीपैड काम करेगा अगर नम लॉक (Num lock) ऑफ है तो यह डिसेबल हो जायेगा और कर्सर कंट्रोल कीज(Cursor control keys) की तरह काम करेगा

138. **एनएफसी (NFC)** - एनएफसी (NFC) की फुलफार्म है नियर फील्ड कम्युनिकेशन (Near Field Communication) है, यह एक High Frequency Wireless Communication Technology है, जो कम दूरी यानि ज्यादा से ज्यादा 10 सेमी की दूरी से दो डिवाइसों के बीच डाटा ट्रांसफर कर सकती है



139. **नेट न्यूट्रैलिटी (Net Neutrality)** - नेट न्यूट्रैलिटी (Net Neutrality) से आप इंटरनेट पर पूरी तरह से आजाद हैं, एक बार डेटापैक डलवाने के बाद आप किसी भी बेवसाइट को यूज कर सकते हैं और जो स्पीड आपने सलेक्ट की है वह सभी बेवसाइट पर एक समान रहेगी। कोई भी बेवसाइट या एप्लीकेशन के लिये अलग से फीस नहीं देनी होती है। आप बिलकुल आजादी

से इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैंा इसे नेट न्यूट्रैलिटी (Net Neutrality) कहते हैं।



140. आउटपुट डिवाइस (Output Device) - यूजर द्वारा दी गयी कंमाड के अाधार पर प्रोसेस की गयी जानकारी का आउटपुट कंप्यूटर द्वारा आपको दिया जाता है जो आपको आउटपुट डिवाइस या आउटपुट यूनिट द्वारा प्राप्त हो जाता है आउट डिवाइस का सबसे बेहतर उदाहरण आपका कंप्यूटर मॉनिटर है यह i/o devices कहलाती है

141. **ओएस (OS)** - ओएस (OS) का पूरा नाम ऑपरेटिंग सिसटम (Operating system) या प्रचालन तंत्र भी कहते हैं, यह कई सारेे प्राेग्राम का

समूह होता है ऑपरेटिंग सिस्टम हार्डवेयर और हमारे यानि यूजर्स के बीच एक पुल का काम करता है

142. **ऑप्टिकल स्कैनर (Optical Scanner)** - ऑप्टिकल स्कैनर (Optical Scanner) एक ऐसी हार्डवेयर डिवाइस है जो किसी भी हार्डकॉपी (कोई फोटो, प्रिंट या हाथ से लिखा कागज) को लाइट द्वारा स्कैन कर डिजिटर रूप में बदल देती है जिससे आप उसे कंप्यूटर सुरक्षित रख सकें, आजकल ऑप्टिकल स्कैनर (Optical Scanner) का प्रयोग बायोमेट्रिक डाटा को इकट्ठा करने के लिये भी किया जा रहा है

143. **ओएमआर (OMR)** - ओएमआर की फुल फॉर्म ऑप्टिकल मार्क रीडर (Optical mark reader) कहते हैं, जिन बहुविकल्पीय उत्तर वाले प्रश्नों के उत्तर देने में

ऑप्टिकल आंसर शीट का प्रयोग किया जाता है, उन ओएमआर शीट को चैक करने में लिये ऑप्टिकल मार्क रीडर (Optical mark reader) द्वारा ऑटोमेटिक प्रोसेसिंग की जाती है और ऑप्टिकल मार्क रिकॉगनेशन के आधार पर उत्तरों की जांच की जाती है इससे बहुत कम समय ही ढेर सारी ऑप्टिकल आंसर शीट बिना किसी गलती के चैक की जा सकती है

144. **ओसीआर (OCR) -** OCR यानी "ऑप्टिकल कैरेक्टर रीडर" जो ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन तकनीक पर काम करता है जिससे हाथ से लिखे या टाइप कर प्रिंट किये या किसी न्यूजपेपर या बुक के किसी भी पेज को स्कैन कर टैक्स्ट में कन्वर्ट किया जा सकता है जिससे उसे दोबारा एडिट किया जा सके

145. **ओटीजी केबल (OTG Cable) -** USB OTG का पूरा नाम यानि Full Form है On The Go अगर OTG Compatible Device है यानि ऐसी डिवाइस है जो OTG सपोर्ट करता है. तो उसे आप ओटीजी केबल (OTG Cable) से आप कई प्रकार के अलग-अलग डिवाइस अपने फोन के साथ कनेक्ट कर सकते हैं

146. **प्रोटोकॉल (Protocol) -** जब दो कंप्यूटरों को आपस में नेटवर्किंग (Networking) के माध्यम से जोडा जाता है तो यहां पर कुछ उन Computers के बीच कम्न्युकेशन (Communication) के कुछ नियम होते हैं और इन्हीं नियम (Rule) के संग्रह को प्रोटोकॉल (Protocol) जाता है



147. **प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज (Programming Language) -** प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज (Programming

Language) एक स्पेशल कैरेक्टर का सेट होती है जिसे केवल Computer ही समझ सकते हैं, यह Computer को निर्देश देने के काम आती है, सीधे शब्दों में कहा जाये तो कोई भी Software Programs, प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज (Programming Language) सेे तैयार निर्देशाेें का एक सेट होता है, कुछ प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज (Programming Language) उदाहरण हैं C,C++,JAVA ,Visual Basic आदि

148. **पीसीआई (PCI) -** पीसीआई (PCI) का पूरा नाम peripheral Controller Interface होता है, इसका प्रयोग कंप्यूटर मदरबोर्ड के साथ अलग से ग्राफिक कार्ड, साउण्ड कार्ड, लेनकार्ड, इंस्टॉल करने में किया जाता है, पीसीआई (PCI) एक यह 32 बिट का इनपुट आउटपुट स्लॉट होता है

149. **प्रिंटर (Printer)** - प्रिंटर (Printer) एक आउटपुट डिवाइस (Output Device) होती है, इसका प्रयोग कंप्यूटर के डेटा यानि सॉफ्ट कॉपी (Soft Copy) की हार्डकॉपी (Hard Copy) बनाने के लिये किया जाता है।

150. **प्राइमरी स्टोरेज डिवाइस (Primary Storage Device) -** प्राइमरी स्टोरेज डिवाइस (Primary Storage Device) कंप्यूटर की मुख्य मैमारी होती है जो सीधे तौर पर सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (Central Processing unit) से जुडा रहता है और यूजर द्वारा इनपुट किये डाटा और प्रोसेस डाटा को संगृहीत करने का कार्य करता है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण है हार्डडिस्क



151. **पावर सप्लाई (Power supply) -** पावर सप्लाई (Power Supply) को SMPS यानि स्विच मोड पॉवर सप्लाई (Switch-mode power supply) के नाम से जाना जाता है, सीपीयू में मदरबोर्ड, हार्डडिस्क, प्रोसेसर को काम करने के लिए बिजली की जरुरत को पूरा करती है

152. **क्वर्टी (QWERTY) -** आधुनिक कीबोर्ड पुराने टाइप राइटर से लिया गया है अगर आप गौर से देखें तो कीबोर्ड के अक्षर QWERTY से शुरु होते हैं। क्रिस्टोफर लैथम शोलेज (Christopher Latham Sholes) ABCD क्रम वाले टाइप राइटर के बटन जाम हो रहे थे यही वजह है कि आपके कीबोर्ड में QWERTY शब्दों का इस्तेमाल किया गया ताकि टाइप करने में आसानी रहे।



153. **क्वेरी (Query) -** क्वेरी (Query) का मतलब एक प्रकार का Questions होता है, क्वेरी (Query) का प्रयोग किसी डाटाबेस से सटीक डाटा निकालने के लिये किया जाता है इसे आप एक प्रकार का फिल्टर भी कह सकते हैं जैसे आप गूगल सर्च में कोई कीवर्ड टाइप करते हैं तो वह सर्च क्वेरी कहलाता है

154. **क्यूआर कोड (QR Code) -** क्यूआर कोड (QR Code) को क्विक रिस्पांस कोड (Quick Response Code) कहते हैं जिसमें छिपी होती है ढेर सारी जानकारी अगर आपके फोन में क्यूआर कोड रीडर है तो आप एक सेकेण्ड में क्यूआर कोड (QR Code) से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, यह क्विक रिस्पांस (Quick Response) करता है

155. **क्वाड कोर (Quad core) -** कोर (Core) सीपीयू यानि प्रोसेसर के अंदर लगी एक गणना (computation) करने वाली यूनिट या चिप होती है, Single Core Processor ज्यादा बोझ पडते ही हैंग होने लगता था, इसलिये इसकी क्षमता बढाने के लिये प्रोसेसर में अतिरिक्त कोर (Core) लगाये जाते हैं, चार कोर मतलब - Quad Core

156. **रैम (RAM) -** रैम (RAM) की फुलफार्म रैन्डम एक्सिस मैमरी (Random-access memory) होती है, रैम कम्प्यूटर को वर्किंग स्पेस प्रदान करती यह एक प्रकार की अस्थाई मैमोरी होती है, इसमें कोई भी डाटा स्टोर नहीं होता है। जब हम कोई एप्लीकेशन कम्प्यूटर में चलाते हैं, तो वह चलते समय रैम का प्रयोग करती है।

157. **रिबूट (Reboot) -** रिबूट (Reboot) का मतलब है कि पहले से ऑन सिस्टम चाहे वह मोबाइल हो या

कंप्यूटर उसे रीस्टार्ट करना, रिबूट (Reboot) एक सामान्य प्रक्रिया है जिसे लोग अक्सर इस्तेमाल करते हैं

158. **रोम (ROM) -** रोम (ROM) का पूरा नाम है रीड ऑनली मैमारी (Read-only memory) यह भी कंप्यूटर और मोबाइल का महत्वपूूर्ण भाग होता है, रैम (RAM) के उलट रोम (ROM) में डाटा स्थाई रूप से सुरक्षित किया जा सकता है, रोम मैमोरी में उपलब्ध डाटा काे सिर्फ पढ़ सकते हैं उसमें बदलाव नहीं कर सकते।



159. **रिमोट डेस्कटॉप (Remote Desktop) -** रिमोट डेस्कटॉप (Remote Desktop) एक ऐसी प्रक्रिया होती है जिसमें इंटरनेट द्वारा सॉफ्टवेयर की मदद से दो कंप्यूटरों को अापस में कनेक्ट किया जा सकता है और स्क्रीन शेयर करायी जा सकती है अाैर पूरे के पूरे कंप्यूटर को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके लिये

जो प्रक्रिया अपनायी जाती है वह रिमोट डेस्कटॉप कनेक्शन (Remote Desktop Connection) कहलाती है।

160. **रेटिना डिस्प्ले (Retina Display) -** किसी भी Image को अधिक साफ देखने के लिये Pixel का अधिक संख्या में होना आवश्यक है, रेटिना डिस्प्ले (Retina Display) तकनीक में इन्हीं पिक्सल को बहुत अधिक बढा दिया गया है, जिससे स्क्रीन पर देखते समय हमारी ऑखों पर कम प्रभाव पडता है, यह बिलकुल वैसा ही है, जैसा कोई किताब पढना।

161. **सोशल मीडिया (Social Media) -** सोशल मीडिया (Social media) एक आभासी दुनिया है जिस पर आप इंटरनेट के माध्यम से पहुंच बना सकते हैं और

अपनी बात बिना टीवी, रेडियो और अखबार के लोगों के बीच पहु ॅचा सकते हैं, सोशल मीडिया (Social media) के कई प्रचलित प्लेटफॉर्म हैं जैसे फेसबुक, यूट्यू ूब ट्विटर और इंस्टाग्राम, इंटरनेट से जुडा होने के कारण सोशल मीडिया (Social media) एक विशाल नेटवर्क बन गया है

162. **सॉफ्टवेयर (Software)** - सॉफ्टवेयर Computer का वह Part होता है जिसको हम केवल देख सकते हैं और उस पर कार्य कर सकते हैं, Software का निर्माण Computer पर कार्य करने को Simple बनाने के लिये किया जाता है

163. **स्टार टोपोलॉजी (Star Topology) -** स्टार टोपोलॉजी (Star Topology) Local Area Network (LAN) का एक प्रकार है , नेटवर्क (Network) किस तरह

का है यानि इसकी आकृति, ले-आउट या संरचना किस प्रकार की है इसे टोपोलॉजी (Topology) कहते हैं स्टार नेटवर्क टोपोलॉजी (Star Network Topology) मेंः एक हब से ही सारे कंप्यूूटरों को जोडा जाता है, इस नेटवर्क में एक होस्ट कम्प्यूटर होता है, जिससेे बाकी सभी कंप्यूटरों कंट्रोल किया जा सकता है



164. **सेल्फ़ी (Selfie) -** सेल्फी का अर्थ है एक ऐसी तस्वीर जो अपने कैमरे, स्मार्टफोन या वेबकैम से खुद ही खीची हो, यानी खुद ही अपनी तस्वीरें खींच कर सोशल मीडिया पर अपलोड और शेयर करने का चलन 'सेल्फी' नाम से जाना जाने लगा है

165. **सॉफ्टवेयर बग (Software bug)** - जब डेवलपर कोई कंप्यूटर प्रोग्राम बनाता है तो बनाते समय उसमें खामियाँ रह जाती हैं, जिसे आप त्रुटि, दोष, गलती, विफलता या खोट (फॉल्ट) कह सकते हो, लेकिन इसे तकनीकी भाषा में सॉफ्टवेयर बग (Software Bug) कहते हैं।

166. **सुपर कंप्यूटर (Supercomputer)** - सुपर कंप्यूटर (Supercomputer) उन Computers को कहा जाता है जो वर्तमान समय में गणना-शक्ति तथा कुछ अन्य मामलों में सबसे आगे होते हैं। इसमें कई माइक्रोप्रोसेसर एक साथ काम करते हुए किसी भी जटिलतम समस्या का तुरंत हल निकाल लेते हैं। अत्याधुनिक तकनीकों से लैस सुपर कंप्यूटर बहुत बड़े-बड़े गणना और अति सूक्ष्म गणनाएं तीव्रता से कर सकता है।

167. **सॉफ्ट कॉपी (Soft Copy) -** आपने कंप्यूटर में कोई फाइल तैयार की, मान लीजिये एमएस वर्ड में कोई लैटर टाइप किया, अब आपको किसी व्यक्ति को वह एमएस वर्ड वाली फाइल की कॉपी देनी है तो अापने मेल के जरिये या पेनड्राइव उस फाइल की कॉपी करके दे दिया। इस प्रकार आपने बिना प्रिंट किये उस फाइल की कॉपी काे किसी व्यक्ति को दी, इसे फाइल की सॉफ्ट कॉपी कहेगें। इसका एक उदाहरण ईमेल के द्वारा फोटो या डॉक्यूमेंट भेजना भ्ाी है। इसे इलैक्ट्रिक प्रति तैयार करना भी कहते हैं। बहुत से व्यक्ति अपने जरूरी डॉक्यूमेंट की एक डिजिटल कॉपी स्कैन करके अपने कंप्यूटर या कलाउड पर भी सुरक्षित रखते हैं।



168. टोपोलॉजी (Topology) - नेटवर्क (Network) कंप्यूटर, सर्वर, मेनफ्रेम, नेटवर्क डिवाइस या अन्य ऐसी डिवाइस जो एक दूसरे से डाटा शेयर करती है उनका आपस का कनेक्शन चाहे वह वायरलैस हो या केबल द्वारा नेटवर्क (Network) कहलाता है और यह नेटवर्क (Network) किस तरह का है यानि इसकी आकृति, ले-आउट या संरचना किस प्रकार की है इसे टोपोलॉजी (Topology) कहते हैं



169. **टाइम जोन (Time Zone)** - टाइम जोन (Time Zone) या मानक समय इसे आप क्षेत्रीय समय के नाम से भी जानते हैं यह 1884 में 13 अक्टूबर के ही दिन

ग्रीनविच मीन टाइम तय किया गया था और दुनिया भर की घडियों का समय इसी टाइम जोन (Time Zone) से तय किया जाता है

170. **टोरेंट (torrent) -** टोरेंट (Torrent) को हिंदी में अर्थ बौछार, प्रचण्ड धारा, झड़ी है, नाम के अनुसार ही इसकी डाउनलोड प्रकिया है, इंटरनेट से फाइल डाउनलोड करने के लिये एक छोटी सी फाइल होती है जो डाउनलोडर का यह बताती है फाइल कहां से डाउनलोड करती है यह एक ट्रेकर फाइल होती है जिसका फ़ाइल एक्सटेंशन (file extension) ".Torrent" होता है, यह खुद में पूरी डाउनलोड फाइल नहीं होती है

171. टॉर ब्राउजर (Tor Browser) - डार्क वेब (Dark Web) में अपनी पहचान छुपाने के लिये लोग टॉर (TOR) का इस्तेमाल करते हैं टॉर (TOR) द ऑनियन रूटर इंटरनेट का एक प्रकार है, इसमें एक खास किस्म

फ़ायरफॉक्स ब्राउज़र की सहायता से इंटरनेट पर बिना ट्रैक हुए अनॉनिमस (अपनी पहचान छिपाकर) ब्राउज़ किया जाता है

172. **टीसीपी आईपी (TCP/IP)** - टी सी पी (TCP) का अर्थ है ट्रान्समिशन कन्ट्रोल प्रोटोकॉल (Transmission Control Protocol) और आई पी (IP)का अर्थ इंटरनेट प्रोटोकॉल (Internet Protocol) इसके माध्यम से दो कंप्यूटरों के बीच फाइलों का आदान-प्रदान करते हैं टी सी पी की भूमिका डाटा को छोटे-छोटे भागों में बाँटने की होती है औरआई पी इन पैकिटों पर लक्ष्य स्थल का पता अंकित करता है ।

Buy our Asian UGC/NET/NTA Series paying a small amount.

To know more

Contact us: 9812359933

Asian -UGC/NET Series (M) 98123-53399

Make Sure Success in

UGC/NET/NTA: Paper – I & II (Eng.)

UPSC: CDS, NDA

SSC : CGL, CPO (SI), LDC, MTS

BANK: IBPS/SBI-PO, CLERK

TEACHING: HTET, CTET, KVS, DSSSB

DEFENCE: AIR FORCE, NAVY, ARMY, RAILWAY

98123-53399 **98123-53399**

SUBSCRIPTION **(खरीदें) Scan & Pay**

➢ Make a payment

Bank: SBI (State Bank of India)

A/c - No. 20263041595

IFSC Code: SBIN0004734

Paytm Account- 9812353399

Bhim UPI- asianacademy@upi

98123-59933 email : asianacademy333@gmail.com

www.asianenglishacademy.com